Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title: Need to issue national identity cards to citizens.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर):मान्यवर सभापति जी, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। भारत में स्थायी रूप से रहने वाला जो भी व्यक्ति है, उसे राट्रीय नागरिकता कार्ड के रूप में स्मार्ट कार्ड दिया जाए, जिसमें उसका सारा ब्यौरा जैसे मतदाता निर्वाचन क्षेत्र, मतदाता सूची का भाग और उसकी संख्या, व्यक्ति का सम्पूर्ण ब्यौरा, उसका नाम, पिता का नाम, घर का पता, कार्य के स्थान का ब्यौरा, वैवाहिक स्थिति, बच्चों का ब्यौरा, बैंक के खाते का ब्यौरा, राशन कार्ड संख्या, पासपोर्ट संख्या, पैन संख्या और ड्राइविंग लाइसेंस संख्या आदि सभी बातें हों। भारत के प्रत्येक निवासी को वोट डालना अनिवार्य कर दिया जाए। इससे चुनाव संबंधी बहुत बड़ी समस्या हल होगी और चुनाव खर्च में कमी आएगी। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि जैसे अन्य देशों में राट्रीय नागरिकता की पहचान हेतु स्मार्ट कार्ड है, उसी तरह से भारत में प्रत्येक नागरिक को राट्रीय नागरिकता स्मार्ट कार्ड दिया जाए जिससे कि देश के नागरिकों की अलग से पहचान हो सके।